# राजस्थान समसामयिकी अगस्त, 2025

संजीव Telegram, App एवं वेबसाइट से निःशुल्क डाउनलोड करें
राजस्थान की आर्थिक समीक्षा एवं बजट का सार संग्रह;
राजस्थान, राष्ट्रीय व अन्तरराष्ट्रीय समसामयिकी ( प्रत्येक माह )
साथ ही संजीव App एवं वेबसाइट से आप
Books एवं E-Books भी खरीद सकते हैं।
visit us at : www.sanjivprakashan.com

# राजस्थान समसामयिकी अगस्त, 2025
# (Current News from Daily Newspapers)

## Newspaper of 2 August , 2025

- **भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष और पूर्व कैबिनेट मंत्री अरुण चतुर्वेदी को राज्य वित्त आयोग का अध्यक्ष बनाया गया।**

हाल ही में राज्य सरकार ने भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष और कैबिनेट मंत्री अरुण चतुर्वेदी को राज्य वित्त आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया है। आयोग में भारतीय प्रशासनिक सेवा के पूर्व अधिकारी नरेश कुमार ठकराल को सदस्य सचिव बनाया गया है। आयोग का कार्यकाल डेढ़ साल का रहेगा। यह आयोग राज्य में करों सहित अन्य राजस्व में पंचायतों व शहरी निकायों की वित्तीय हिस्सेदारी तय करेगा।

- **राज किसान गिरदावरी मोबाइल एप शुरू किया गया–**

1 अगस्त, 2025 से सम्पूर्ण राजस्थान में पटवारियों के साथ-साथ अब किसानों द्वारा स्वयं ऑनलाइन गिरदावरी (फसल सर्वेक्षण) करने की सुविधा शुरू कर दी गई है। किसान अपने मोबाइल पर 'राज किसान गिरदावरी एप' के माध्यम से अपने खेत की गिरदावरी स्वयं कर सकते हैं। इससे प्रक्रिया में पारदर्शिता आएगी और वे एप से ही अपनी जमाबंदी की प्रति भी डाउनलोड कर सकेंगे।

## Newspaper of 3 August, 2025

- **प्रदेश की पहली ट्विन सिटी के लिए 465 करोड़ जारी किए गए–**

नेशनल इंडस्ट्रीयल कॉरिडोर डवलपमेंट प्रोग्राम (NICDP) के तहत 'जोधपुर-पाली मारवाड़ निवेश क्षेत्र' (JPMAY) यानी ट्विन सिटी को विकसित करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। ये प्रोजेक्ट दिल्ली मुंबई इंडस्ट्रीयल कॉरिडोर के तहत लॉन्च है। रीको ने पहले फेज में डवलपमेंट के लिए 465 करोड़ रु. जारी किए हैं। पहले फेज में ईपीसी बेस पर बेसिक इंफ्रा विकसित होगा। 7500 करोड़ निवेश की संभावना है और 40 हजार रोजगार के अवसर मिलेंगे।

**ट्रेन से पोर्ट तक पहुँचेगा तैयार माल, ऐसे होगी कनेक्टविटी**

575 किमी. कांडला पोर्ट
635 किमी. मुंद्रा पोर्ट
965 किमी. जेएलएल पोर्ट मुंबई

**रेल्वे स्टेशन**

36 किमी. जोधपुर स्टेशन
30 किमी. पाली स्टेशन
60 किमी. मारवाड़ स्टेशन
रोहट रेलवे स्टेशन : साइट के अंदर

**फोकस सेक्टर्स-इंडस्ट्रीज**

- टेक्सटाइल
- फूड & प्रोसेसिंग
- इंजीनियरिंग एंड ऑटो
- बिल्डिंग मेटेरियल्स
- हैंडीक्राफ्टस

**इंडस्ट्रीज से यह फायदे मिलेंगे–**दोनों शहरों के बीच इंडस्ट्रीज स्मार्ट सिटी होने से नई इंडस्ट्री विकसित होगी। पश्चिमी राजस्थान मुख्य इंडस्ट्री हब का हिस्सा बनेगा। ये जोधपुर व पाली रीजन का 154 वर्ग किमी का हिस्सा है। ये पचपदरा के पास तैयार हो रही रिफाइनरी व इससे जुड़े इंडस्ट्रीज का भी भविष्य में हिस्सा बनेगी।

- **राजस्थान को अंगदान में विशिष्ट योगदान हेतु दो राष्ट्रीय पुरस्कार मिले–**

15वें 'भारतीय अंगदान दिवस' (2 अगस्त, 2025) के अवसर पर राजस्थान (सवाई मानसिंह अस्पताल, जयपुर) को अंगदान के क्षेत्र में दो प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित किया गया।

- 'एक्सीलेंस इन प्रमोशन ऑफ ऑर्गन डोनेशन' पुरस्कार
- 'इमरजिंग स्टेट इन ऑर्गन डोनेशन एंड ट्रांसप्लांटेशन' पुरस्कार यह सम्मान नई दिल्ली में केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे. पी. नड्डा द्वारा दिया गया।

- **राजस्थान विधानसभा में 'युवा संसद' का आयोजन हुआ–**

2 अगस्त, 2025 को विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी की पहल पर राजस्थान विधानसभा में 'युवा संसद' का आयोजन किया गया। इस युवा संसद में 10 राज्यों और 3 केंद्रशासित प्रदेशों के 55 विद्यालयों से चयनित 168 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया, जिनमें से 56 युवाओं ने सदन में अपने विचार रखे। कक्षा 9वीं से 12वीं तक के इन युवा प्रतिनिधियों ने आतंकवाद और पाक अधिकृत कश्मीर (POK) को खाली करवाने जैसे गंभीर राष्ट्रीय मुद्दों पर संवाद किया तथा विभिन्न अन्तरराष्ट्रीय मसलों पर अपने विचार प्रस्तुत किए।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

## Newspaper of 5 August, 2025

■ **ईसरदा-दौसा पेयजल परियोजना का शिलान्यास हुआ–**

4 अगस्त, 2025 को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दौसा जिले के लालसोट स्थित डूँगरपुर गाँव में 'ईसरदा-दौसा पेयजल परियोजना' का शिलान्यास किया। इस परियोजना के तहत लालसोट क्षेत्र में लगभग ₹ 350 करोड़ की लागत से 8 स्वच्छ जलाशय, 5 पंपहाउस, 47 उच्च जलाशय और 1800 किलोमीटर से अधिक लंबी पाइपलाइन बिछाई जाएगी।

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2027 तक पूर्ण होने वाले इस कार्य से लालसोट कस्बे सहित 302 गाँवों की लगभग 6.27 लाख की आबादी को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सकेगा।

## Newspaper of 6 August, 2025

■ **जयपुर के प्रसिद्ध मूर्तिकार प्रो. गिरिराज शर्मा ललित कला अकादमी के राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित हुए—**

- जयपुर के प्रसिद्ध मूर्तिकार और ICG कॉलेज के एसोसिएट प्रोफेसर गिरिराज शर्मा को ललित कला अकादमी के 64वें नेशनल आर्ट एग्जीबिशन में राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।
- योगदान : उन्हें यह पुरस्कार मूर्तिकला श्रेणी में उनकी कृति 'कंस्ट्रक्टिव ऑब्जर्वेशन' के लिए मिला है। यह सम्मान 5 अगस्त, 2025 को नई दिल्ली में केन्द्रीय संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत द्वारा प्रदान किया गया।

## Newspaper of 8 August, 2025

■ **हाल ही में राजस्थान सरकार ने खैरथल-तिजारा जिले का नाम भर्तृहरि नगर करने का प्रस्ताव दिया है तथा इसका मुख्यालय भिवाड़ी करने पर सहमति दी गई है। भारतीय प्रशासनिक सेवा के पूर्व अधिकारी ललित के पंवार की अध्यक्षता में गठित राज्य प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन सलाहकार समिति की सिफारिश पर यह निर्णय किया गया है।**

## Newspaper of 12 August, 2025

■ **11 अगस्त, 2025 से सीमा सुरक्षा बल की ओर से बॉर्डर पर ऑपरेशन अलर्ट शुरू किया गया। यह 11 से 17 अगस्त तक चला। इसके माध्यम से अन्तरराष्ट्रीय सीमा पर सीमा सुरक्षा बल द्वारा नियमित गश्त के साथ अतिरिक्त चौकसी बढ़ाई गई।**

■ **11 अगस्त, 2025 को राज्यपाल एवं कुलाधिपति हरिभाऊ बागड़े ने हरिदेव जोशी पत्रकारिता और जनसंचार विश्वविद्यालय में प्रो. नंद किशोर पाण्डेय को कुलगुरु के पद पर नियुक्त किया है। कुलगुरु पद पर नियुक्ति प्रो. पाण्डेय के कार्यभार संभालने की तिथि से 3 वर्ष या 70 वर्ष की आयु (जो भी पहले हो) के लिए की गई है। वर्तमान में वि.वि. की कुलगुरु प्रो. सुधि राजीव का 14 अगस्त, 2025 को कार्यकाल समाप्त हुआ है।**

■ **राजस्थान की पहली सेक्स-सॉर्टेड सीमन लैब का शुभारंभ हुआ–**

- 11 अगस्त, 2025 को राजस्थान की पहली सेक्स-सॉर्टेड सीमन लैब बस्सी (जयपुर) में शुरू की गई है। इसका उद्घाटन पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत द्वारा किया गया।
- इस अत्याधुनिक लैब का संचालन राजस्थान कोऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन (RCDF) द्वारा नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड (NDDB), गुजरात के सहयोग से किया जाएगा। इस हेतु RCDF, राजस्थान पशुधन विकास बोर्ड (RLDB) और NDDB डेयरी सर्विसेज (NDS) के बीच एक त्रिपक्षीय समझौता हुआ है।
- इस तकनीक का मुख्य उद्देश्य 90 प्रतिशत बछड़ियों (मादा पशु) का जन्म सुनिश्चित करना।
- समझौते के तहत, बस्सी सीमेन स्टेशन का प्रबंधन 10 वर्षों के लिए NDS को सौंपा गया है। लाभ का बंटवारा RCDF और NDS के बीच 50-50 के अनुपात में होगा। सेक्स-सॉर्टेड सीमेन की कीमत ₹ 239 प्रति डोज निर्धारित की गई है।

## Newspaper of 16 August, 2025

■ **राज्यस्तरीय 79वाँ स्वतंत्रता दिवस समारोह जोधपुर में आयोजित हुआ–**

15 अगस्त, 2025 को 79वें स्वतंत्रता दिवस का राज्य स्तरीय समारोह जोधपुर के बरकतुल्लाह खान स्टेडियम में आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। परेड का नेतृत्व IPS हेमंत कलाल ने किया। समारोह में मुख्यमंत्री ने ADG एटीएस एवं एसओजी विजय कुमार सिंह को राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित किया। इसके अतिरिक्त, 11 अन्य अधिकारियों को योग्यता प्रमाण पत्र दिए गए।

■ **राजस्थान की मनिका विश्वकर्मा मिस यूनिवर्स इंडिया, 2025 बनीं–**

18 अगस्त, 2025 को राजस्थान के गंगानगर की मनिका विश्वकर्मा ने जयपुर में आयोजित एक भव्य समारोह मिस यूनिवर्स इंडिया 2025 का खिताब अपने नाम किया।

मनिका विश्वकर्मा को उनकी पूर्ववर्ती, मिस यूनिवर्स इंडिया 2024 रिया सिंघा ने ताज पहनाया। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में 48 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिसमें तान्या शर्मा को प्रथम

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

रनर-अप, महक ढींगरा को द्वितीय रनर अप और अमिशी कौशिक को तृतीय रनर अप घोषित किया गया। मनिका विश्वकर्मा अब नवम्बर, 2025 में थाईलैंड में होने वाली 74 मिस यूनिवर्स प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी।

**सामाजिक पहल**—वह 'न्यूरोनोवा' नामक एक पहल की संस्थापक हैं, जो एडीएचडी (ADHD) जैसी न्यूरोवैरिएंट स्थितियों के बारे में जागरूकता बढ़ाने का काम करती है।

## Newspaper of 19 August, 2025

### राजस्थान में 42 हजार से अधिक गाँव ODF प्लस घोषित हुए–

- 18 अगस्त, 2025 को केन्द्रीय जल शक्ति मंत्रालय द्वारा राज्यसभा में दी गई जानकारी के अनुसार, राजस्थान में 'खुले में शौच से मुक्त' (ODF) प्लस गाँवों की कुल संख्या 42,781 हो गई है। यह जानकारी स्वच्छ भारत मिशन के तहत जारी की गई है।
- राज्य के कुल ODF प्लस गाँवों में से 42,417 गाँव 'मॉडल' श्रेणी में, 83 गाँव 'उन्नत' (Rising) श्रेणी में और 281 गाँव 'आकांक्षी' (Aspiring) श्रेणी में शामिल हैं।
- उल्लेखनीय है कि देश भर में कुल 5,66,068 गाँव ODF प्लस घोषित किए जा चुके हैं, जिनमें से 4,73,921 गाँव 'मॉडल' श्रेणी में हैं।

### सक्षम जयपुर अभियान का आयोजन–

- विशेष योग्यजनों एवं वृद्धजनों को कृत्रिम अंग व सहायक उपकरण प्रदान करने के लिए जयपुर जिला प्रशासन द्वारा 'सक्षम जयपुर अभियान' चलाया जा रहा है।
- इसका आयोजन 18 अगस्त से 23 सितम्बर, 2025 तक किया जा रहा है।

### जैसलमेर के मेघा गाँव में 20 करोड़ वर्ष पुराना जीवाश्म मिला–

अगस्त, 2025 में जैसलमेर के फतेहगढ़ स्थित मेघा गाँव में जुरासिक काल की फाइटोसौर (मगरमच्छ जैसी प्रजाति) का जीवाश्म मिला है। यह जीवाश्म अनुमानतः 20 करोड़ वर्ष पुराना है।

इस महत्त्वपूर्ण जीवाश्म की खोज राज्य के जल विभाग में कार्यरत वरिष्ठ हाइड्रोजियोलॉजिस्ट डॉ. नारायणदास इंखिया और उनकी टीम ने की है। लगभग 1.5 से 2 मीटर लंबे इस जीवाश्म के पास एक अंडा भी मिला है।

उल्लेखनीय है कि जैसलमेर में मिला यह जीवाश्म भारत का पहला पक्का और संरक्षित फाइटोसौर जीवाश्म है, जो इस क्षेत्र के प्रागैतिहासिक महत्त्व को दर्शाता है।

## Newspaper of 20 August, 2025

### 19 अगस्त, 2024 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की समिति ने कोटा-बूँदी ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट निर्माण को मंजूरी दे दी। कोटा-बूँदी एयरपोर्ट के निर्माण के लिए ₹ 1507 करोड़ की लागत के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। यह एयरपोर्ट एयरपोर्ट्स एथॉरिटी ऑफ इंडिया विकसित करेगी।

## Newspaper of 22 August, 2025

### जीएसटी में 12 और 28 फीसदी स्लैब हटाने पर जीओएम सहमत–

जीएसटी में बड़े बदलाव की दिशा में केन्द्र को राज्यों के मंत्रियों की समिति (जीओएम) से सैद्धांतिक मंजूरी मिल गई है। समिति ने 4 टैक्स स्लैब को घटाकर 2 (5% व 18%) करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। हालांकि, विपक्षी दलों के शासन वाले कुछ राज्यों ने बदलाव से होने वाले राजस्व नुकसान की जानकारी मांगी है और उसकी भरपाई का तरीका जानना चाहा है। बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता वाली इस समिति में 6 सदस्य हैं। इनमें 3 भाजपा शामिल राज्यों—बिहार, उत्तर प्रदेश और राजस्थान से हैं, जबकि बाकी 3 विपक्षी शासित राज्यों—कर्नाटक (कांग्रेस), केरल (लेफ्ट) और पश्चिम बंगाल (टीएमसी) से हैं।

#### अल्ट्रा-लक्जरी वस्तुओं पर अतिरिक्त टैक्स की मांग

कुछ राज्यों ने सुझाव दिया है कि महंगी कारों जैसी अल्ट्रा-लक्जरी वस्तुओं पर 40% टैक्स के अलावा अतिरिक्त टैक्स भी लगाया जाए। प. बंगाल की वित्त मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य ने कहा कि केन्द्र के प्रस्ताव में यह नहीं बताया कि स्लैब में बदलाव से कितना राजस्व नुकसान होगा। उन्होंने सुझाव दिया कि जीएसटी एक्ट की धारा 1 में संशोधन कर 40% से ऊपर टैक्स लगाने की अनुमति दी जाए।

## Newspaper of 24 August, 2025

### कैबिनेट के फैसले–राजस्थान विजन डॉक्यूमेंट मंजूर एम्स की तर्ज पर रिम्स बनेगा, नए एक्सप्रेस-वे पर टोल कम लगेगा–

23 अगस्त, 2024 को मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की मीटिंग में जयपुर में राजस्थान इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (रिम्स) और विश्वस्तरीय कन्वेंशन सेंटर बनाने समेत कई प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। मीटिंग के बाद कानून मंत्री जोगाराम पटेल ने कहा कि एसएमएस का कैंसर

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

संस्थान भी रिम्स में शिफ्ट किया जाएगा। प्रदेश के एक्सप्रेस-वे पर अब टोल की दरें कम करने के लिए भी नीति बनाने की मंजूरी दी गई। राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने कहा कि नए बनने वाले स्टेट एक्सप्रेस-वे पर टोल की दरें कम होंगी। नई नीति से प्रदेश में एक्सप्रेस-वे तेजी से बनेंगे। इसके अलावा राजस्थान के लिए 2047 तक के विजन डॉक्यूमेंट को मंजूरी दी गई है। 2030 तक 30 लाख करोड़ की अर्थव्यवस्था का लक्ष्य रखा गया है। विजन डॉक्यूमेंट में विकसित राजस्थान बनाने के लिए अलग-अलग टारगेट तय किए गए हैं।

- **जयपुर में विश्वस्तरीय कन्वेंशन सेंटर बनेगा, 3500 करोड़ रुपए खर्च होंगे–**

टोंक रोड पर 3500 करोड़ की लागत से 7000 सीट का कन्वेंशन सेंटर बनेगा। कन्वेंशन सेंटर वर्ल्ड क्लास होगा। एक फाइव स्टार और एक फोर स्टार होटल बनेगा।

इसके अलावा नई भूमि आवंटन नीति को भी मंजूरी दी गई है। मौजूदा जमीन आवंटन के नियमों में कुछ बदलाव किए जाएंगे। सार्वजनिक कामों के लिए सरकारी जमीन आवंटन के नियमों में भी बदलाव किया जाएगा।

- **राज्य मंत्रिमण्डल ने विश्वकर्मा युवा उद्यमी प्रोत्साहन योजना और दो नीतियों का अनुमोदन किया–**

23 अगस्त, 2025 को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता वाले राजस्थान राज्य मंत्रिमण्डल द्वारा 'विश्वकर्मा युवा उद्यमी प्रोत्साहन योजना' तथा दो नवीन नीतियों का अनुमोदन किया।

**विश्वकर्मा युवा उद्यमी प्रोत्साहन योजना–**

इस योजना का लक्ष्य 18-45 वर्ष के युवाओं को नया उद्यम स्थापित करने या पुराने उद्यम के विस्तार के लिए प्रोत्साहित करना है। योजना के तहत ₹ 2 करोड़ तक के ऋण पर 8% तक का ब्याज अनुदान दिया जाएगा। साथ ही, ऋण पर 25% (अधिकतम ₹ 5 लाख) तक का मार्जिन मनी अनुदान भी मिलेगा। इसमें महिला, SC, ST और दिव्यांग उद्यमियों को ₹ 1 करोड़ से अधिक के ऋण पर 1% अतिरिक्त ब्याज अनुदान का लाभ मिलेगा।

- **नगरीय क्षेत्रों के लिए भूमि आवंटन नीति-2025–**

यह नीति 'भूमि आवंटन नीति-2025' का स्थान लेगी। इसका उद्देश्य शैक्षणिक, औद्योगिक, चिकित्सकीय और व्यावसायिक इकाइयों के लिए भूमि आवंटन प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाना है। इस नीति के तहत विभिन्न सामाजिक उपयोगों हेतु भूमि आरक्षित दर की 40% दर पर आवंटित की जाएगी। राजकीय विभागों को उनकी गतिविधियों के लिए भूमि नि:शुल्क दी जाएगी। हालांकि, आवासीय परियोजनाओं और रेड कैटेगरी उद्योगों जैसी कुछ गतिविधियों के लिए भूमि आवंटन नहीं किया जाएगा।

- **एयरो स्पोर्ट्स गतिविधियों हेतु हवाई पट्टी लीज आवंटन नीति–**

राज्य में कम उपयोग में आ रही हवाई पट्टियों का अधिकतम उपयोग कर एयरो स्पोर्ट्स और एडवेंचर टूरिज्म को बढ़ावा देना। इस नीति के तहत अधिकतम 20 वर्षों के लिए भूमि लीज पर दी जाएगी। इसका लीज शुल्क ₹ 100 प्रति वर्ग मीटर प्रति वर्ष और कंसेशन शुल्क ₹ 6 लाख प्रति एयरस्ट्रिप प्रति वर्ष होगा, जिसमें निर्धारित वार्षिक वृद्धि की जाएगी।

- **जैसलमेर व बीकानेर में सोलर पार्क की स्थापना हेतु भूमि आवंटन को मंजूरी–**

अगस्त, 2025 में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जैसलमेर एवं बीकानेर जिले में अक्षय ऊर्जा आधारित उत्पादन इकाइयों की स्थापना के लिए राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड (RVUNL) को भूमि आवंटन को स्वीकृति दे दी है।

5000 मेगावाट क्षमता के सोलर पार्क के लिए कुल 677.86 हेक्टेयर भूमि, 2700 मेगावाट सोलर पार्क के लिए 5113.99 हेक्टेयर भूमि।

**फतेहगढ़ तहसील :** 12500 मेगावाट सोलरपार्क के लिए 14026.87 हेक्टेयर भूमि 6200 मेगावाट सोलर पार्क के लिए 8582.42 हेक्टेयर भूमि।

- **'विकसित राजस्थान @ 2047' विजन डॉक्यूमेंट का अनुमोदन किया गया–**

23 अगस्त, 2025 को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में मंत्रिमण्डल ने 'विकसित राजस्थान@2047' विजन डॉक्यूमेंट को मंजूरी दी। इसका उद्देश्य राज्य को आर्थिक रूप से समृद्ध आत्मनिर्भर और विकसित बनाना है। इस डॉक्यूमेंट में राजस्थान को वर्ष 2030 तक 350 बिलियन डॉलर और वर्ष 2047 तक 4.3 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का महत्त्वाकांक्षी लक्ष्य रखा गया है।

इसमें शत-प्रतिशत साक्षरता, कौशल आधारित शिक्षा, युवा एवं महिला सशक्तीकरण, गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ, सतत जल प्रबंधन, स्मार्ट शहरीकरण और हरित ऊर्जा जैसे क्षेत्रों को विशेष प्राथमिकता दी गई है।

- **राजस्थान मंत्रिमंडल (कैबिनेट) ने महत्त्वपूर्ण निर्णय लिए–**

**RIMS विधेयक का अनुमोदन–**राजस्थान यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंसेज का उन्नयन कर राजस्थान इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज **(RIMS),** जयपुर की स्थापना के लिए विधेयक के प्रारूप को मंजूरी दी गई। यह संस्थान एम्स, नई दिल्ली की तर्ज पर राज्य का एकमात्र पीजी स्तर का चिकित्सा संस्थान होगा और इसके अध्यक्ष राज्य के मुख्य सचिव होंगे। मंत्रिमण्डल ने 'कारखाना (राजस्थान संशोधन) विधेयक 2025' तथा 'राजस्थान मत्स्य (संशोधन विधेयक) 2025' को भी आगामी विधानसभा सत्र में प्रस्तुत करने की स्वीकृति दी है।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

■ **जयपुर में 'राजस्थान मंडपम' और GCC टावर निर्माण को मंजूरी –**

जयपुर में बी-2 बाईपास स्थित रीको की 95 एकड़ भूमि पर 'राजस्थान मंडपम', ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (GCC) और आईटी टावर के निर्माण को मंजूरी दी गई है। इसका निर्माण एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड द्वारा 'राजस्व सृजन सह विकास मॉडल' पर किया जाएगा। इस पूरी परियोजना की अनुमानित लागत लगभग ₹ 3700 करोड़ है।

**'राजस्थान मंडपम'** एक विश्व स्तरीय कन्वेंशन सेंटर होगा, जो लगभग 25 एकड़ क्षेत्र में विकसित किया जाएगा। इसके निर्माण पर ₹ 2200 करोड़ खर्च होंगे और इसकी क्षमता 7000 से 7500 व्यक्तियों की होगी।

## Newspaper of 26 August, 2025

■ **राजस्थान के सूचना प्रौद्योगिकी एव संचार विभाग की परियोजना 'राजकिसान साथी' को राष्ट्रीय सीआईपीएस इनोवेशन अवार्ड 2024 से सम्मानित किया गया। यह अवार्ड जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने श्रीनगर में आयोजित समारोह में प्रदान किया। यह पोर्टल किसानों को एक ही प्लेटफार्म पर 120 से अधिक ऑनलाइन मॉड्यूल उपलब्ध करा रहा है। इसमें डीबीटी योजनाएँ, लाइसेंसिंग सेवाएँ, फसल रोग प्रबंधन, बीज मिनीकिट वितरण जैसी सुविधाएँ शामिल हैं। इस पहल को डीएआरपीजी की 'मिनिमम गवर्नमेंट मैक्सिमम गवर्नेंस' पुस्तिका में भी शामिल किया गया है।**

■ **वायुसेना प्रमुख एपी सिंह ने बीकानेर स्थित नाल एयरबेस से मिग-21 में अंतिम उड़ान भरकर उसे विदाई दी; तेजस, तेजस एम के-2, राफेल और सुखोई-30 जैसे आधुनिक विमान अब मिग-21 की जगह लेंगे –**

25 अगस्त, 2025 को वायु सेना प्रमुख एपी सिंह ने नाल एयर बेस से मिग-21 में अंतिम उड़ान भरकर उसे भावुक विदाई दी। मिग-21 की चिरस्थायी विरासत का सम्मान करते हुए वायु सेना प्रमुख ने इस लड़ाकू विमान का संचालन करने वाली अंतिम 23 नंबर 'पैंथर्स' का नाल एयरबेस पर दौरा किया। मिग-21 चंडीगढ़ में 26 सितंबर को दह दशकों की शानदार सेवा के बाद रिटायर हो जाएगा। मिग-21 को 1960 के दशक में वायुसेना में शामिल किया गया था।

**अब तेजस लेगा मिग-21 की जगह –**

- एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह ने कहा-1985 में तेजपुर में मैंने पहली बार मिग-21 उड़ाया था। यह विमान बेहद फुर्तीला, मैनूवरेबल और सरल डिजाइन वाला है। मैक्स रीहीट पर यह 200-250 मी. ऊपर प्रति सेकंड की दर से चढ़ सकता था।
- दुनियाभर में करीब 11000 मिग-21 बनाए गए और 60 से ज्यादा देशों ने इसे संचालित किया। यह दुनिया के सबसे ज्यादा बनाए और चलाए गए सुपरसोनिक लड़ाकू विमानों में से एक है।
- अब इस तकनीक को संभालना मुश्किल है। इसलिए वायुसेना ने इस विमान को विदाई देने का फैसला किया है।
- तेजस, तेजस एमके-2, राफेल और सुखोई-30 जैसे आधुनिक विमान अब इसकी जगह लेंगे और भारतीय आकाश में वर्चस्व को कायम रखेंगे।

## Newspaper of 30 August, 2025

■ **पशु कल्याण योजना में दिए गए अनुदान में राजस्थान शीर्ष पर –**

पशु कल्याण बोर्ड ऑफ इंडिया द्वारा पांच वर्षों में राज्यों को दिए अनुदानों के आंकड़ों के अनुसार, राजस्थान देश में शीर्ष पर है। वर्ष 2020-21 से 2024-25 के बीच राज्य के पशु कल्याण संगठनों और गौशालाओं को ₹ 5.57 करोड़ मिले। इसमें पशु आश्रय, गृह, एंबुलेंस सेवाएँ, प्राकृतिक आपदा राहत, और नियमित व रेस्क्यू मवेशी अनुदान हैं। लोकसभा में रखे आंकड़ों के अनुसार, राजस्थान में 419 पशु कल्याण संगठन लाभान्वित हुए। 12 संगठनों को आश्रय गृह के लिए ₹1.09 करोड़, 11 संगठनों को एंबुलेंस सेवाओं के लिए ₹48.79 लाख, 1 संगठन को प्राकृतिक आपदा राहत के लिए ₹50 हजार रुपये मिले।

**राज्यों के संगठन रैंक व अनुदान में प्राप्त राशि–**

| राज्य | रैंक | संगठन | राशि |
|---|---|---|---|
| राजस्थान | 1 | 419 | ₹5.57 करोड़ |
| उत्तरप्रदेश | 2 | 340 | ₹4.8 करोड़ |
| हरियाणा | 3 | 176 | ₹4.2 करोड़ |
| मध्यप्रदेश | 4 | 105 | ₹2.2 करोड़ |
| गुजरात | 5 | 15 | ₹0.39 करोड़ |

## Newspaper of 31 August, 2025

■ **एशियाई शूटिंग चैम्पियनशिप में यशस्वी राठौड़ ने स्वर्ण पदक जीता –**

राजस्थान की यशस्वी राठौड़ ने पंजाब के हरमिंदर लाली के साथ खेलते हुए 16वीं एशियाई शूटिंग चैम्पियनशिप के मिक्स्ड टीम स्पर्द्धा में स्वर्ण पदक जीता है। सिमकेत (कजाकिस्तान) में 16-30 अगस्त, 2025 को आयोजित इस प्रतियोगिता में यशस्वी ने व्यक्तिगत स्पर्द्धा में भी रजत पदक जीता।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

**चैम्पियनशिप में राजस्थान के अन्य खिलाड़ियों के पदक**

इस प्रतियोगिता में राजस्थान के राजवीर सिंह राठौड़ ने व्यक्तिगत स्कीट यूथ स्पर्द्धा में सिल्वर मेडल जीता।

राजस्थान के ही अनंतजीत सिंह नरूका ने इस चैम्पियनशिप की स्कीट स्पर्द्धा में स्वर्ण पदक हासिल करने में सफलता पाई।

गिरीश गुप्ता ने 16वीं एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप की 10 मीटर एयर पिस्टल पुरुष युवा स्पर्द्धा में स्वर्ण पदक जीता।

- **खैरथल-तिजारा की प्रिंसिपल नीलम यादव को राष्ट्रीय शिक्षक पुस्कार–**

राजस्थान के खैरथल-तिजारा जिले के टपूकड़ा स्थित सरकारी गर्ल्स सीनियर सैकेण्डरी स्कूल की प्रिंसिपल नीलम यादव को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार, 2025 के लिए चुना गया है। वह देश भर से चयनित 45 शिक्षकों में शामिल हैं।

उन्हें यह प्रतिष्ठित पुरस्कार 5 सितम्बर, 2025 को राष्ट्रीय शिक्षक दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में प्रदान किया गया। उल्लेखनीय है कि नीलम यादव को यह सम्मान शिक्षा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट कार्यों और नवाचारों के लिए दिया जा रहा है। उन्होंने होंडा कंपनी के CSR फंड की मदद से अपने विद्यालय में डिजिटल लैब और स्मार्ट क्लास की शुरुआत की थी तथा विद्यार्थियों (छात्राओं) की संख्या भी 600 से 1300 से अधिक तक पहुँचाने की उपलब्धि हासिल की।

- **जनगणना-2027 के लिए राज्य स्तरीय समिति का गठन किया–**

अगस्त, 2025 में राजस्थान में जनगणना-2027 के सफल क्रियान्वयन के लिए राज्यपाल की स्वीकृति से राज्य स्तरीय जनगणना समन्वय समिति का गठन किया गया है। राज्य के मुख्य सचिव सुधांश पंत को इस समिति का अध्यक्ष बनाया गया है, जबकि जनगणना कार्य निदेशालय के निदेशक इसके संयोजक होंगे। समिति का प्रशासनिक विभाग सांख्यिकी विभाग होगा।

समिति का मुख्य कार्य जनगणना के विभिन्न चरणों का पर्यवेक्षण करना, मार्गदर्शन देना और संबंधित विभागों के बीच समन्वय स्थापित करना है। यह एक अस्थायी समिति है जो जनगणना-2027 की समाप्ति तक कार्यरत रहेगी।

□□□

संजीव प्रकाशन
संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

# संजीव®


50 वर्षों से आपका विश्वसनीय


आपकी सफलता में सदैव आपका सहयोगी

## मनोहर सिंह कोटड़ा के मार्गदर्शन में तैयार श्रेष्ठ पुस्तकें


( 41 जिलों एवं 7 संभागों पर आधारित नवीनतम संस्करण )




## संजीव प्रकाशन द्वारा प्रकाशित प्रमुख पुस्तकें





संजीव Telegram चैनल, App एवं Website से परीक्षा उपयोगी पाठ्य सामग्री निःशुल्क प्राप्त करें। साथ ही संजीव App एवं वेबसाइट से आप Books एवं E-Books भी खरीद सकते हैं।

Join Our App

Join Our Telegram

प्रकाशक-संजीव प्रकाशन, जयपुर

Visit us at : www.sanjivprakashan.com